मैट्स छत्तीसगढ़ का B++ ग्रेड हासिल करने वाला पहला निजी विश्वविद्यालय

राष्टीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) बैंगलुरू द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रमुख निजी वि.वि. मैट्स विश्वविद्यालय को विगत दिनों परीक्षण के बाद B++ ग्रेड दिया गया है। नैक की पांच सदस्यीय टीम द्वारा अक्टूबर माह में विश्वविद्यालय का तीन दिवसीय दौरा किया गया था जिसमें विश्वविद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं, पाठ्यक्रम, शिक्षण प्रणाली, पाठ्यक्रमों की रोजगारपरकता, शैक्षणिक, अशैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियां, शोध, अधोसंरचना, छात्र–छात्राओं हेतु संचालित उनकी सहायक गतिविधियां व उस हेतु उपलग्ध प्रणालियां, शैक्षणिक संसाधन, पुस्तकालय, खेलकूद एवं संबंधित गतिविधियों हेतु मौजूद सुविधाएं तथा विश्वविद्यालय के प्रबंधन इत्यादि का विस्तृत परीक्षण किया गया । तत्पश्चात् 30 नवंबर को मैट्स विश्वविद्यालय को B++ ग्रेड दिया गया । यह एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि मूल्यांकन के प्रथम चक्र में ही उसे B++ ग्रेड प्रदान किया गया है। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. बैजू जान ने जानकारी दी कि मैट्स विश्वविद्यालय ने आरंभ से ही गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया है तथा उत्तम गुणवत्ता प्रदान करने और उसे बनाये रखने का सतत उद्यम किया है। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर अत्यंत संतोष एवं प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

प्रो. जान ने मैट्स विश्वविद्यालय के मूल्यांकन से संबंधित जानकारियां साझा करते हुए बताया कि नैक द्वारा विश्वविद्यालय का मूल्यांकन सात विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए किया गया एवं सभी हेतु पृथक-पृथक अंक प्रदान किये गये तथा उनके औसत के आधार पर अंतिम ग्रेड का निर्धारण किया गया । उन्होंने बताया कि यदि कुछ महत्वपूर्ण मानदंडों में विश्वविद्यालय को दिये गये अंकों को पृथक रूप से देखा जाये तो शैक्षणिक पहलू, छात्र-छात्राओं हेतु सहायक गतिविधियां और संचालित श्रेष्ठ गतिविधियों हेतु नैक द्वारा **A+** तथा **A++** ग्रेड दिये गये हैं। किंतु अन्य मानदंडों में मामूली कमी होने के कारण विश्वविद्यालय को औसत योग के आधार पर **B++** ग्रेड प्रदान किया गया है। श्री गजराज पगारिया, कुलाधिपति मैट्स विश्वविद्यालय ने मैट्स विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए अपना विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय न सिर्फ अपना उच्चस्तर बरकरार रखेगा बल्कि उसे बेहतर से बेहतरीन बनायेगा श्री पगारिया ने प्रसन्नतापूर्वक कहा कि छत्तीसगढ़ के किसी भी निजी विश्वविद्यालय को हासिल ये सर्वोच्च ग्रेड है। उन्होंने इसे विश्वविद्यालय की एक महती उपलब्धि बताया और जोर देकर कहा कि मैट्स विश्वविद्यालय निरंतर उत्तरोत्तर श्रेष्ठता की ओर अग्रसर होता रहेगा।

विश्वविद्यालय के महानिदेशक श्री प्रियेश पगारिया ने इसे मैट्स परिवार के प्रत्येक सदस्य के अथक प्रयासों का प्रतिफल बताया और कहा कि मैट्स विश्वविद्यालय को **B++** ग्रेड मिलना विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही उच्च गुणवत्ता की शिक्षा का प्रमाण है और अब यह विश्वविद्यालय नवीन ऊंचाईयों की ओर अग्रसर होने हेतु हर तरह से तैयार है।

कुलसचिव श्री गोकुलनंदा पंडा ने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर परिवर्तनशील मानदंडों के अनुरूप प्रदान की जारी रोजगारपरक शिक्षा के स्तर का निरंतर परिमार्जन करते हुए प्रगति के पथ पर और तेजी से आगे बढ़ेगा ।

मैट्स विश्वविद्यालय की इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के डायरेक्टर - डॉ. संजय चौधरी एवं विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्षों ने नैक द्वारा विश्वविद्धालय को **B++** ग्रेड दिये जाने पर विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों,शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई दी।

डॉ. संजय चौधरी ने नैक की टीम की विजिट के दौरान विश्वविद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किये जाने हेतु उनका हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।